# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 02 अक्टूबर 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 07

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में लश्कर का आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शुक्रवार को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। विशेष सूचना के बाद, निकलुरा गांव में पुलिस, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस ने कहा, ऑपरेशन के दौरान, निकलुरा गांव के लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी शमीम सोफी को एक पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ पकड़ा गया। वह लश्कर से जुड़ा है और जुलाई 2021 से सक्रिय है।

### राजस्थान में अगले साल तक पटाखों की बिक्री पर लगी रोक

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान सरकार ने कोरोना की तीसरी लहर की संभावना का हवाला देते हुए अगले साल तक राज्यभर में सभी तरह के पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने की घोषणा की। गृह विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार, यह प्रतिबंध 1 अक्टूबर से लागू है और 31 जनवरी, 2022 तक लागू रहेगा। इस प्रकार दशहरा और दिवाली दोनों पर आतिशबाजी पर रोक लगाई जाएगी। सभी जिला कलेक्टरों को जारी आदेश के अनुसार पटाखों के अस्थायी लाइसेंस जारी करने पर भी 31 जनवरी तक रोक लगा दी गई है। जिला स्तर पर दिवाली पर बड़ी संख्या में अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाते हैं। कोविड-संक्रमित लोगों के लिए सांस लेने में कठिनाई को देखते हुए पिछले साल आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, एडवाइजरी में कहा गया है कि विशेषज्ञों ने कोरोना की तीसरी लहर की संभावना व्यक्त की है, और आतिशबाजी के धुएं के कारण बूढ़े, बीमार, पीड़ित लोगों को बहुत परेशानी होती है। सीओपीडी हो या अस्थमा और कोविड के मरीज इस साल भी पटाखों पर रोक लगाना जरूरी है।

### ब्राजील में सड़क दुर्घटना में 12 लोगों की मौत, 22 घायल

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्वोत्तर राज्य बाहिया में एक बस, एक ट्रक और एक ट्रेलर की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गयी और 22 अन्य घायल हो गये। जी1 प्रसारक ने बताया कि यह दुर्घटना बाहिया राज्य के दक्षिणी हिस्से में यूनापोलिस नगर पालिका में हुई। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गयी और 22 लोग घायल हो गये। घायलों में से पांच की हालत गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब ट्रेलर ट्रक से अलग होकर आगे वाली गली में जा घुसा। हादसे के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया।

### बांग्लादेश में रिफ्यूजी कैंप में रोहिंग्या नेता की हत्या

**कुटुपलोंग।** रोहिंग्या समुदाय के मारे गए नेता मोहिब उल्लह के भाई ने कहा है कि उनकी लोकप्रियता और सही कामों की वजह से चरमपंथियों ने उन्हें मार डाला है। बता दें कि मोहिब हाल के सालों में 2017 से म्यांमार में हुए हिंसा से भागने के बाद से बांग्लादेश के शिविरों में फंसे 8.5 लाख रोहिंग्या शरणार्थियों के प्रमुख प्रतिनिधि के रूप में सामने आए थे। 29 सितंबर की देर रात अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी, जिसके बाद बांग्लादेशी अधिकारियों को शिविरों में सैंकड़ों अतिरिक्त सशस्त्र पुलिस तैनात करनी पड़ी है।

## जलवायु परिवर्तन के लिए गरीब देशों को 100 अरब डॉलर दें अमीर देश: भारत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ने के लिए अमीर देशों को सौ अरब डॉलर का अनुदान गरीब देशों को देना चाहिए। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा है कि गरीब देशों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियो से लड़ने के लिए 100 अरब डॉलर से ज्यादा की मदद चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र की क्लाइमेट चेंज कॉन्फ्रेंस में इस महीने जलवायु परिवर्तन पर अहम विमर्श होना है। यूएन के सम्मेलन से पहले अमीर देशों पर जलवायु परिवर्तन के लिए अहम वित्तीय कदम उठाने का दबाव लगातार बढ़ रहा है। साल 2009 में दुनिया के सबसे धनी देशों ने सालाना सौ अरब डॉलर देने का वादा किया था ताकि गरीब देश, जो जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं, इन चुनौतियों का सामना कर सकें। हालांकि यह वादा कभी पूरा नहीं हुआ। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यन ने कहा सौ अरब डॉलर से कहीं ज्यादा मदद की जरूरत है। उन्होंने कहा, ÷ये जो सौ अरब डॉलर की बात आधुनिक अर्थव्यवस्थाएं जलवायु वित्त के नाम पर कर रहे हैं, असल में समुद्र में एक बूंद बराबर हैं। मुझे लगता है कि उनका योगदान कहीं ज्यादा होन चाहिए। वैसे भारत ने अब तक कार्बन उत्सर्जन करने के लिए अब तक कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है। यानी, उसने अब तक नहीं बताया है कि वह किस साल तक देश में कार्बन उत्सर्जन का स्तर शून्य कर लेगा। चीन ने 2060 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का वादा किया है जबकि अमेरिका के नए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उनका देश 2030 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को 50-52 प्रतिशत तक कम करके 2005 के स्तर पर ले जाएगा।

सुब्रमण्यन कहते हैं कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत अपने ऊर्जा संसाधानों में नवीकरणीय स्रोतों को जोड़ना जारी रखेगा और उद्योगों को भी स्वच्छ ऊर्जा के फायदे उठाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी कंपनियों के लिए लाभ उपलब्ध करवा रही है, जो स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ते हैं। सुब्रमण्यन ने कहा कि इन सब कदमों के बिना नेट जीरो की बात करना बस बात करना ही है। कोयले से बिजली कब तक भारत ने 100 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए संयंत्र लगाए हैं जो कुल क्षमता का लगभग 25 प्रतिशत है। ऊर्जा की अपनी बढ़ती जरूरतों के लिए भारत 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 450 गीगावाट तक ले जाना चाहता है। सुब्रमण्यन कहते हैं कि भारत 7 प्रतिशत से ज्यादा सालाना आर्थिक विकास दर चाहता है और उसके लिए हर संभव प्रयास करेगा। कोयले से बिजली पैदा करना उन प्रयासों का हिस्सा बना रहेगा। भारत ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जित करने वाला दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। चीन और अमेरिका ही उससे ऊपर हैं।

## वैक्सीन के लिए आधार कार्ड दिखाने के लिए ना बनाए दबाव

### » सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका पर नोटिस जारी किया है जिसमें केंद्र सरकार को निर्देश देने की गुहार लगाई गई है कि कोविड-19 टीकाकरण के लिए लोगों से पहचान के तौर पर सिर्फ आधार कार्ड पेश करने के लिए दबाव न डाला जाए।

जस्टिस धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने शुरुआत में याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कहा, आप अखबार की रिपोर्ट पर नहीं जाइए। क्या आपने खुद कोविन एप्प को देखा है। इसे अपडेट किया गया है।

आप एप्प के एफएक्यू वाले खंड में जाइए। आप देखेंगे कि उसमें पहचान पत्रों की सूची है, जिसके माध्यम से आप टीकाकरण के लिए पंजीकृत कर सकते हैं। आप ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि से पंजीकरण कर सकते है। इस पर वकील ने कहा कि यह सही है कि सात ऐसे पहचान पत्र हैं, जिसके द्वारा पंजीकरण किया जा सकता है, लेकिन टीकाकरण केंद्र पर लोगों से आधार की मांग की जाती है। केंद्रों पर कहा जाता है कि आधार के बिना टीकाकरण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नियम सिर्फ कागजों पर है। आधार कार्ड से लिंक होना अब भी जरूरी है। जिसके बाद पीठ ने याचिका पर परीक्षण करने का निर्णय लेते हुए सरकार को नोटिस जारी किया।

## सुकन्या जैसी योजनाओं की ब्याज दरों में नहीं हुआ बदलाव

### » सरकार हर तिमाही आधार पर ब्याज दरों में करती है बदलाव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना समेत अन्य छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ये लगातार छठी तिमाही है जब ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया गया है। सरकार के फैसले के बाद अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए भी वही ब्याज दरें रहेंगी, जो पहले थीं।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार सुकन्या स्मृद्धि योजना पर 7.6 प्रतिशत सालाना की दर से ब्याज मिलता है। पांच साल की वरिष्ठ नागिरक बचत योजना पर 7.4 प्रतिशत ब्याज देय है। वहीं बचत जमा पर ब्याज की दर चार प्रतिशत सालाना बनी हुई। एक साल की सावधि जमा योजना पर ब्याज दर 5.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी। पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) पर 7.1 प्रतिशत सालाना की ब्याज दर है। वहीं राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर 6.8 प्रतिशत की ब्याज मिलती है। सरकार की ओर से तिमाही आधार पर ब्याज दरों में बदलाव का फैसला लिया जाता है। इस तिमाही का आखिरी दिन आज यानी 30 सितंबर है। यही वजह है कि आगामी तिमाही यानी अक्टूबर से दिसंबर तक के लिए ब्याज दरों पर फैसला लिया गया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर में 1.1 प्रतिशत की कटौती की गई थी लेकिन बाद में सरकार ने इसे गलती से हुआ बताकर तुरंत वापस ले लिया था।

## कमांडर लेवल के 13वें दौर की मीटिंग में हॉट स्प्रिंग को लेकर होगी बात

### » भारत-चीन के बीच सीमा पर तनाव बरकरार



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत और चीन के बीच पिछले एक साल से ज्यादा वक्त से पूर्वी लद्दाख में सीमा पर तनाव जारी है. दोनों ही पक्षों ने सीमा पर तनाव को कम करने के लिए कई दौर की बातचीत की है. वहीं, भारत चीन के बीच हाल ही में 12वें दौर की बैठक हो चुकी है. दोनों देशों के बीच हॉट स्प्रिंग फ्रिक्शन को लेकर अभी चर्चा या समाधान नहीं हुआ है.

माना जा रहा है की इस मसले पर 13वें दौर की बैठक में बातचीत होने की उम्मीद है. हालांकि दोनों तरफ से जल्द बैठक को लेकर सहमति बन गई है. बताया गया है कि सीमा विवाद पर इसी महीने बैठक हो सकती है. इससे पहले 12 जुलाई को दोनों देशों को 12वें दौर की बैठक हुई थी. पैंगोन्ग लेक और गोगरा हाइट्स के पास विवाद को काफी हद तक बातचीत के जरिए सुलझा लिया गया था.

हॉट स्प्रिन्ग चीन के साथ मौजूदा विवाद का वो अंतिम क्षेत्र है जिसपर दोनों देशों के बीच सहमति बननी अभी बाकी है. ये वो इलाका है जहां चीन ने अप्रैल 2020 में यथास्थिति बदलने की कोशिश की थी. इसके अलावा देपसांग प्लेन्स और डेमचौक भी विवादित इलाका है लेकिन इमपर अभी बात बाद में होनी थी क्यूँकि ये विवाद पुराने है यानी 2020 के पहले की है. भारत और चीन ने अपने-अपने 50,000 सैनिकों को पिछले साल ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर तैनात किया था. लेकिन बातचीत के बाद दोनो देश ने सैनिकों की संख्या को कम करना शूरू किया था. लेकिन एक बार फिर लगातार खबर मिल रही है को चीन ने दोबारा सैनिक ताकत में इजाफा करना शुरू कर दिया है.

## अब चक्रवाती तूफान 'शाहीन' का खतरा, आज हो सकता है तेज

### » कच्छ-सौराष्ट्र में भारी बारिश की चेतावनी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्वोत्तर अरब सागर के ऊपर बन रहा चक्रवाती तूफान 'शाहीन' अगले 12 घंटों के दौरान और तेज हो सकता है. मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती तूफान शाहीन के आज देर रात तक या कल सुबह तक खतरनाक रूप लेने की आशंका है. हालांकि भारत में इसका ज्यादा असर नहीं होगा. आईएमडी के चक्रवात चेतावनी प्रभाग के अनुसार, सिस्टम भारतीय तट से दूर जा रहा है.

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर अरब सागर के ऊपर बन रहा चक्रवाती तूफान शाहीन आज उत्तर अरब सागर के मध्य भागों में लगभग 20 किमी प्रति घंटे की गति के साथ पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया है. जिससे अगले 36 घंटों के दौरान इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम और मकरान तट (पाकिस्तान) की ओर बढ़ने की संभावना है. लेकिन इस दौरान कच्छ और सौराष्ट्र में तेज बारिश हो सकती है.

वहीं मौसम विभाग ने अपने लेटेस्ट अपडेट में कहा कि चक्रवाती तूफान 'शाहीन' के आगे के कारण सात राज्यों बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और गुजरात में बहुत तेज बारिश होगी. मालूम हो कि चक्रवाती तूफान 'शाहीन' की शुरूआत 26 सितंबर को आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में हुआ था. इसका विकास चक्रवात गुलाब के आने के बाद हुआ, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई.

आईएमडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 29 सितंबर को कहा कि आने वाले कुछ दिनों में कई राज्यों में तेज बारिश हो सकती है. उन्होंने कहा कि वे एक दुर्लभ घटना देख रहे हैं क्योंकि मौसम प्रणाली एक और चक्रवाती तूफान उत्पन्न कर सकती है. वहीं गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है, कुछ स्थानों पर तेज तो कुछ स्थानों पर छिटपुट बारिश होने की भी संभावना है.

मौसम विभाग के अनुसार गुजरात क्षेत्र, दमन, दीव, दादरा और नगर हवेली में अलग-अलग स्थानों पर चक्रवाती तूफान के कारण बहुत तेज बारिश होने की संभावना है. साथ ही उत्तरी कोंकण में अलग-अलग स्थानों पर भी बारिश हो सकती है.

## पंजाब सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने पीएम मोदी से की मुलाकात

### » कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब में सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी शुक्रवार को एक बार फिर दिल्ली पहुंचे हैं। शाम करीब चार बजे उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री करीब पौने तीन बजे कपूरथला हाउस पहुंचे। करीब एक घण्टे के बाद पंजाब सीएम, पीएम से मुलाकात करने पहुंचे। इसके बाद वे मुख्यमंत्री की कांग्रेस हाईकमान से मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अनुसार पंजाब सीएम ने पीएम से मुलाकात के दौरान धान की सरकारी खरीद को 10 दिन टालने का मुद्दा उठाया है। पंजाब और हरियाणा में बरसात की वजह से धान की सरकारी खरीद को 10 दिन के लिए टाला गया है। पहले खरीद पहली अक्तूबर से शुरू होनी थी लेकिन अब 11 अक्तूबर से शुरू होगी। उम्मीद लगाई जा रही है कि इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच इसको लेकर भी चर्चा हुई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चन्नी पंजाब के मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। कांग्रेस की पंजाब इकाई में जारी उथलपुथल के बीच चन्नी राष्ट्रीय राजधानी के दौरे के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात कर सकते हैं।

## एयर मार्शल संदीप सिंह एवीएसएम वीएम ने वायुसेना उप प्रमुख का पदभार संभाला



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** एयर मार्शल संदीप सिंह एवीएसएम वीएम ने शुक्रवार को वायुसेना के उप प्रमुख (वीसीएएस) के रूप में पदभार ग्रहण किया। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं, एयर मार्शल को दिसंबर 1983 में एक लड़ाकू पायलट के रूप में भारतीय वायुसेना की फ्लाइंग ब्रांच में कमीशन प्रदान किया गया था। वायु अधिकारी एक एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट और एक क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर हैं। उनके पास विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों पर अभियानगत और प्रायोगिक परीक्षण उड़ान का समृद्ध और विविध अनुभव है और उन्होंने लगभग 4400 घंटे की उड़ान भरी है।

भारतीय वायुसेना में अपनी लगभग अड़तीस वर्षों की सेवा के दौरान एयर मार्शल अनेक महत्वपूर्ण कमांड और स्टाफ प्रभारों पर रहे हैं। उन्होंने एयरक्राफ्ट एंड सिस्टम्स टेस्टिंग इस्टैब्लिशमेंट, एक फ्रंटलाइन एयर बेस और एक ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली है। उन्होंने वायु सेना के सहायक प्रमुख (योजना), मुख्यालय पूर्वी वायु कमान में सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर तथा वायु मुख्यालय में वायुसेना उप प्रमुख की कमान संभाली हैं। वर्तमान नियुक्ति संभालने से पहले, उन्होंने एओसी-इन-सी दक्षिण पश्चिमी वायु कमान की ज़िम्मेदारी संभाली थी।

एयर मार्शल अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक प्राप्तकर्ता हैं।

## भिंड में बस और डंपर की टक्कर में 7 लोगों की मौत; 13 घायल

### » मृतकों के परिजनों को 4- 4 लाख की मदद और घटना की जांच के निर्देश

### » घटना स्थल पर पहुंचे अपर परिवहन आयुक्त एवं भिण्ड आरटीओ ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

**भोपाल (आरएनएस)।** परिवहन और राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने भिंड-ग्वालियर हाईवे पर ग्राम डांग के पास हुए बस और रेफ्रिजरेटेड कंटेनर की दुर्घटना में 7 लोगो की मौत पर घर दुःख व्यक्त किया है। हादसे में 15 लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा और निर्देशानुसार घटना में मृतकों के परिजनों को 4- 4 लाख रुपये और दुर्घटना में घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद जारी की गई है। मृतकों में 6 पुरुष और एक महिला शामिल है। राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने इसके साथ ही घटना की जांच के निर्देश अफसरों को दिये है। श्री राजपूत ने बताया कि भिंड-ग्वालियर हाईवे पर बस और कंटेनर की दुर्घटना में 7 लोगों के दुःखद निधन की जानकारी मिलने की घटना मन को आहत करने वाली है। श्री राजपूत ने कहा कि हमारा विभाग हर समय वाहन चालकों से नियमों का पालन करते हुए संयमित गति से वाहन चलाने की अपील करता है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटनाओं को टाला जा सके। इसके बाद भी कई वाहन चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घनाएं हो जाती हैं जो बेहद दुःखद है। सरकार हर समय पीड़ित परिवारों के साथ है। प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। मंत्री श्री राजपूत ने दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं दुःख की इस घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है। उन्होंने विभाग के अफसरों को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर सम्भव प्रयास करें। परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं परिवहन आयुक्त मुकेश जैन ने हादसे में मृतकों के परिजनों को धैर्य रखने और घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्थाओं के निर्देश दिये हैं।

अपर परिवहन आयुक्त श्री सक्सेना ने घायलों का हाल जाना

हादसे की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त परिवहन आयुक्त प्रवर्तन अरविन्द सक्सेना तथा जिला परिवहन अधिकारी भिंड अनुराग शुक्ला द्वारा दुर्घटना स्थल गोहद चौराहा भिंड पहुंच कर दुर्घटना ग्रस्त बस का मुआयना किया गया। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त प्रवर्तन अरविन्द सक्सेना द्वारा दुर्घटना में घायलों का अस्पताल पहुंच कर हाल जाना तथा खंड चिकित्सा अधिकारी से उनके समुचित इलाज करने के निर्देश दिए । श्री सक्सेना ने बताया कि प्रशासन को घायलों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। श्री सक्सेना ने बताया कि हादसे का प्राथमिक कारण बस चालक की जगह रेफ्रिजरेटेड कंटेनर चालक की लापरवाही सामने आई है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।